मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः21.01.2025

थाना अदलहाट व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में 02 गो-तस्कर घायल/गिरफ्तार,पैर में लगी गोली, मौके से अवैध तमंचा मय कारतूस, 32 राशि गोवंश व घटना में प्रयुक्त 02 वाहन (कार व ट्रक कंटेनर) बरामद —

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व गो-तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

आज दिनांकः21.01.2025 को थाना अदलहाट व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानीबाग के पास दौराने पुलिस मुठभेड़ में 02 पशु तस्कर 1.अब्बू सहमा पुत्र स्व0 बदरूद्दीन निवासी ग्राम चकिया कसारी मसारी थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज 2. महबूब आलम पुत्र हनीफ निवासी दौलतपुर कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया, महबूब आलम उपरोक्त के दाहिने पैर में तथा अब्बू सहमा उपरोक्त के बाये पैर में गोली लगी है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तो को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु भिजवाया गया, जहां उसकी स्थिति सामान्य है। मौके से उपरोक्त दोनों तरस्कों के कब्जे से मुठभेड़ की घटना में प्रयुक्त 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 अदद खोखा व एक अदद स्विफ्ट कार, एक अदद ट्रक कंटेनर तथा 32 राशि गो-वंश बरामद किया गया। उपरोक्त तस्करों द्वारा ट्रक कटेंनर मे वध हेतु ले जाए जा रहे 32 राशि गोवंशो की बरामदगी की गई है। उक्त पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1.अब्बू सहमा पुत्र स्व0 बदरूद्दीन निवासी ग्राम चकिया कसारी मसारी थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज उम्र करीब-33 वर्ष
2.महबूब आलम पुत्र हनीफ निवासी दौलतपुर कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी उम्र करीब-27 वर्ष

विवरण बरामदगी —

* 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 अदद खोखा
* एक अदद स्विफ्ट कार वाहन संख्याःUP70ED7932(अब्बू सहमा के कब्जे से)
* एक अदद ट्रक कंटेनर वाहन संख्याःHR69B8434 (महबूब के कब्जे से)
* 32 राशि गो-वंश

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं-019/2025-धारा-109 बीएनएस,3/25 आयुध अधिनियम, 3/5A/8 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना अदलहाट, जनपद मीरजापुर।

आपराधिक इतिहास —

मु0अ0सं0-487/2019 धारा-323,504,506 भादवि थाना धुमनगंज जनपद प्रयागराज बनाम अब्बू सहमा उपरोक्त।

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय —

थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानीबाग नगर तिराहा के पास से, आज दिनांकः21.01.2025 को समय 05:45 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक थाना अदलहाट-अमित मिश्रा मय पुलिस टीम।
निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय पुलिस टीम।

TATA